हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी







पीएम मोदी बोले, बिहार को नए ऊंचाइयों पर ले जाएंगे समर्पित नेताओं की शानदार टीम

# बिहार में 10वीं बार नीतीश सरकार

» **26** मंत्रियों ने शपथ ली, भाजपा के 14, जदयू के 8, चिराग के 2 मंत्री

» **13** नए चेहरे कैबिनेट में, सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा फिर डिप्टी सीएम

*नीतीश कैबिनेट में इस बार नए चेहरों को मौका दिया गया है। रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। चिराग की पार्टी से 2 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इसमें संजय सिंह भी शामिल हैं। संजय सिंह महुआ से चुनाव जीते हैं। उन्होंने लालू यादव के बेटे तेजप्रताप को हराया था।*

*पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में हुआ शपथ ग्रहण समारोह*

*पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई बड़े नेता हुए शामिल*

*हरियाणा समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी समारोह में की शिरकत*

एजेंसी »| पटना

नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गांधी मैदान में गुरुवार को हुए भव्य समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे। डिप्टी सीएम के रूप में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली। वहीं 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली। जिनमें 14 बीजेपी कोटे से, 8 जदयू से, 2 लोजपा (आर) से जबकि हम और कुशवाहा की पार्टी से 1-1 को मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। जदयू ने जमा खान को फिर मंत्री बनाया है। शपथ के बाद पीएम मोदी ने मंच से गमछा हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। हरियाणा, असम, गुजरात, मेघालय, यूपी, नगालैंड, ओडिशा, दिल्ली, एमपी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल हुए। मंच पर चिराग पासवान ने मांझी और जेपी नड्डा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। *(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

## नीतीश कैबिनेट के चेहरे


सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, डॉ. जायसवाल, लेशी सिंह, नितिन नवीन, मदन सहनी, रामकृपाल, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र रोशन, श्रेयसी सिंह, विजय चौधरी, श्रवण कुमार, विजेंद्र यादव, अशोक चौधरी, मंगल पांडेय, संतोष सुमन, सुनील कुमार, जमा खान, संजय सिंह, अरुण शंकर, प्रमोद चंद्रवंशी, संजय कुमार, संजय कुमार, दीपक प्रकाश

*हम और कुशवाह की पार्टी से एक-एक मंत्री, एक मुस्लिम चेहरा भी कैबिनेट में शामिल। तीन महिला मंत्रियों को भी मिली मंत्रिमंडल में जगह।*

अनुभवी नेताओं व नए चेहरों का संतुलन

26 में से 10 पहली बार मंत्री बने

13 ओबीसी 8 सवर्ण 5 दलित नेता

### सभी साथियों को बधाई : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "बिहार सरकार में मंत्रियों के रूप में शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। यह समर्पित नेताओं की शानदार टीम है, जो बिहार को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सभी को मेरी शुभकामनाएं।" समारोह के अंत में प्रधानमंत्री ने अपने चिरपरिचित अंदाज में 'गमछा' हवा में लहराकर उपस्थित जनसमूह का उत्साह बढ़ाया। शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान में विशाल मंच तैयार किया गया था।



### सीएम नायब सैनी भी समारोह में हुए शामिल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नीतीश कुमार की नई सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल हुए। बिहार पहुंचकर सीएम नायब सैनी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। इस दौरान सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से नॉन स्टॉप बनी बिहार सरकार को बधाई। बिहार की जनता का प्रचंड बहुमत देने के लिए मुख्यमंत्री ने आभार जताया।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**चाणक्यपुरी।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में गुरुवार सुबह बड़े निजी स्कूल को बम धमकी की ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और छात्रों व स्टाफ को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन जांच जारी है। *एजेंसी*

### पूर्व सपा विधायक सुधाकर सिंह का निधन



**लखनऊ/मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले की घोसी सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सुधाकर सिंह का बृहस्पतिवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सिंह के बेटे सुजीत सिंह ने कहा कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत के बाद अस्पताल में भर्ती

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में संशोधन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी- 2025 में अहम बदलाव करते हुए दंपति मामलों में अधिकतम पांच मेरिट अंक देने का निर्णय लिया है। संशोधित नीति के अनुसार राज्य सरकार के किसी भी विभाग, संगठन या किसी अन्य राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार में नियमित कर्मचारी के रूप में कार्यरत पति या पत्नी यदि हरियाणा, दिल्ली या चंडीगढ़ में कार्यरत हैं, तो संबंधित कर्मचारी को दंपति श्रेणी में अधिकतम पांच मेरिट अंक प्रदान किए जाएंगे। नई नीति के अनुसार, दंपति श्रेणी के अंतर्गत केवल एक को ही ये मेरिट अंक प्रदान किए जाएंगे। *ब्यूरो*

*दिल्ली धमाका : जांच एजेंसियों की धरपकड़ जारी*

# क्राइम ब्रांच ने नूंह से पिता पुत्र को हिरासत में लिया



**नई दिल्ली/फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** फरीदाबाद के अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में विस्फोटक बरामदगी और दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए धमाके के बाद जांच एजेंसियों की कार्रवाई लगातार आगे बढ़ रही है। इसी सिलसिले में अब फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नूंह जिले के घासेड़ा गांव के पिता- पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। दोनों को सोहना के रायपुर गांव स्थित शाही जामा मस्जिद से मंगलवार देर शाम उठाया गया। क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि ब्लास्ट का आरोपी डॉ. उमर सोहना के रायपुर स्थित शाही जामा मस्जिद में नमाज अदा करने जाता था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने मस्जिद के मौलाना तैय्यब हुसैन और उर्दू शिक्षक फरहान को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। *(संबंधित खबर पेज-8 पर)*

**मस्जिद के मौलाना और उर्दू शिक्षक को उठाया *नमाज पढ़ने गया था आतंकी उमर***

### चार आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके मामले में एनआईए ने डॉ. मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, डॉ. आदिल अहमद और मुफ्ती इरफान अहमद को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है। दरअसल इस केस में एनआईए ने कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हालांकि ये पहले जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों की पुलिस की गिरफ्त में थे। एनआईए ने अब आरोपियों को अपनी कस्टडी में लिया है। अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर हीं आतंकी डॉक्टरों की 'पनाहगार' रही फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस गया है। ईडी ने बुधवार को यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद को साकेत कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद जवाद को 13 दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। ईडी के मुताबिक सिद्दीकी का परिवार खाड़ी देशों में बसा है। वह भी विदेश भागने की तैयारी में था। अगर उसे गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वो विदेश भागकर जांच से बच सकता था। सबूत मिटा सकता था।

**विदेश भागने की तैयारी में था विवि चेयरमैन**

### अमेरिका भारत को देगा सौ टैंक किलर मिसाइल

**नई दिल्ली।** अमेरिका भारत को 100 जेवलिन मिसाइल सिस्टम (एफजीएम-148) और 216 एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल स्मार्ट तोपगोला (एम982ए1) बेचेगा। इनके लिए दोनों देशों के बीच में 92.8 मिलियन डॉलर (करीब 775 करोड़ रुपये) की डील हुई है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बुधवार को बताया कि इस बिक्री के लिए जरूरी मंजूरी और डिटेल्स अमेरिकी संसद कांग्रेस को भेज दी गई है। एफजीएम-148 जेवलिन एक पोर्टेबल एंटी-टैंक मिसाइल है। इसे टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मिसाइल टारगेट की गर्मी (हीट सिग्नेचर) पहचानकर उसपर हमला करती है। इसकी 2500 मीटर रेंज है। धुएं, धूल या खराब मौसम में भी टारगेट को तबाह करने में सक्षम है।

**टारगेट की गर्मी पहचानकर करती है हमला**

### राज्यपाल विस से पास बिलों को न लटकाएं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की बिल मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि हमें नहीं लगता कि गवर्नरों के पास विधानसभाओं से पास बिलों (विधेयकों) पर रोक लगाने की पूरी पावर है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गवर्नर्स के पास 3 ऑप्शन हैं। या तो मंजूरी दें या बिलों को दोबारा विचार के लिए भेजें या उन्हें प्रेसिडेंट के पास भेजें।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिलों की मंजूरी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। अगर देरी होगी तो हम दखल दे सकते हैं। यह मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। जहां गवर्नर ने राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे।

**बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें**

### मासूम की हत्या कर शव टुकड़ों में काटा, केएमपी की ग्रीन बेल्ट में मिले सिर और एक पैर

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** मानेसर के उदेपुरी गांव के पास कुंडली-पलवल-मानेसर (केएमपी) एक्सप्रेसवे के किनारे बुधवार शाम एक नाबालिग बच्चे के क्षत-विक्षत शरीर के अंग बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि इन अंगों में बायां पैर और सिर शामिल हैं, जिन्हें धारदार हथियार से काटा गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक बच्चे की उम्र छह से दस साल के बीच हो सकती है। आशंका है कि हत्या कम से कम चार दिन पहले की गई थी। हत्यारे ने बच्चे की पहचान छिपाने के लिए शरीर के अन्य अंगों को अलग-अलग स्थानों पर फेंका होगा। पुलिस शेष अंगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक किसान ने सबसे पहले क्षत-विक्षत चेहरे वाले पैर और सिर को देखा था। उसने तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी। ये क्षत-विक्षत अंग पंचगांव चौक से तावडू की ओर जाने वाले रास्ते पर पड़े थे। पुलिस जांच में जुटी है।

*मानेसर में वारदात मृतक बच्चे की उम्र छह से दस साल के बीच*

*आर्म्स डीलर भंडारी से जुड़ा मामला*

### रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लान्ड्रिंग केस में चार्जशीट


वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिजनेसमैन पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लान्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला ब्रिटेन के आर्म्स डीलर संजय भंडारी के साथ संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है। चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। इस मामले में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया गया था। ईडी का दावा है कि वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली हैं, जिनमें विदेशी प्रॉपर्टी और फंड ट्रांसफर की जांच भी शामिल है। ईडी ने चार्जशीट में वाड्रा को 9वें नंबर का आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले पर अदालत 6 दिसंबर को विचार करेगी।

#### वाड्रा के खिलाफ दूसरा आरोपपत्र

वाड्रा के खिलाफ यह मनी लान्ड्रिंग का दूसरा आरोपपत्र है। जुलाई में, ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में भी वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। 2016 में लंदन भाग गया संजय भंडारी हथियार डीलर है। इनकम टैक्स विभाग ने भंडारी के खिलाफ 2015 के काला धन विरोधी कानून के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था।

*लुधियाना में मुठभेड़, पाक टेरर मॉड्यूल से जुड़े*

### 2 आतंकियों का एनकाउंटर छाती व पेट में लगी गोली

एजेंसी »| लुधियाना


लॉरेंस गैंग से संबंध, हरियाणा से कनेक्शन

पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने आतंकियों का एनकाउंटर किया है। यह मुठभेड़ दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे पर लाडोवाल टोल प्लाजा के पास हुई। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले पुलिस ने पाकिस्तान टेरर मॉड्यूल से जुड़े 3 आतंकी पकड़े थे। उनसे पूछताछ के बाद इनके बारे में पता चला था। जिसके बाद पुलिस ने इन्हें पकड़ने के लिए ट्रैप लगाया था। मगर, पुलिस के घेरने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों ने डीसीपी की गाड़ी को टारगेट किया। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें एक आतंकी को 3 और दूसरे को एक गोली लगी है। 3 गोली लगने वाले आतंकी की हालत गंभीर बनी हुई है। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि ये ग्रेनेड की डिलीवरी लेने के लिए आए थे। जिसके बाद इन्हें पाकिस्तानी हैंडलर के कहे मुताबिक ग्रेनेड अटैक करना था। इनसे 2 चाइना मेड ग्रेनेड, 5 चाइनीज पिस्टल और 50 से ज्यादा कारतूस बरामद हुए हैं।

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाक संघर्ष को लेकर फिर किया दावा*

### ट्रंप बोले, मोदी और शरीफ ने मुझे फोन किया

# भारत-पाक को 350% शुल्क लगाने की धमकी दी और युद्ध रुकवाया

*पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ।*

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350% टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में बुधवार को कहा कि मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं। इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा, "हम खत्म कर चुके हैं।" ट्रम्प ने पूछा, "क्या खत्म कर चुके हो?" इस पर मोदी ने बताया, "हम जंग नहीं करने जा रहे हैं।"

#### अब तक करीब 60 बार यह बात कह चुके

#### दोनों देशों के बीच तनाव कम किया

ट्रंप 60 से अधिक बार इस दावे को दोहरा चुके हैं कि उन्होंने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव "शांत करने में मदद की" जबकि भारत किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के दावे को लगातार नकारता रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा, "...मैं झगड़े सुलझाने में अच्छा हूं और हमेशा से ऐसा रहा हूं। मैंने पिछले कुछ साल में, यहां तक कि इससे पहले भी इस दिशा में बहुत अच्छा काम किया है। मैं अलग-अलग लड़ाइयों के बारे में बात कर रहा हूं... भारत, पाकिस्तान... वे परमाणु हथियारों से हमले करने वाले थे।'



#### आठ में से पांच युद्ध, व्यापार और शुल्क के कारण सुलझे

ट्रंप ने कहा, "कोई अन्य राष्ट्रपति ऐसा नहीं करता... आठ में से पांच युद्ध, व्यापार और शुल्क की वजह से सुलझे। मैंने यह किया।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें फोन किया और लाखों लोगों की जान बचाने के लिए 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की 'चीफ ऑफ स्टाफ' सूसी विल्स के सामने उन्हें धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप



### डॉ. सुनील कुमार रेडक्रॉस सोसायटी महासचिव बने

चंडीगढ़। राज्यपाल हरियाणा प्रो. असीम कुमार, घोष द्वारा जिला रेडक्रास शाखा, कुरुक्षेत्र के सचिव डॉ. सुनील कुमार को महासचिव के पद पर पदोन्नत किया। इन्होंने आज दिनांक 20 नवम्बर, 2025 को हरियाणा रेडक्रॉस राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ का पदभार संभाल लिया है। उनके कार्यालय पहुंचने पर हरियाणा राज्य रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

### हरेडा ने पुरस्कार के लिए 6 तक आवेदन मांगे

**चंडीगढ़।** ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर विभिन्न पहल की जा रही है। इसी के दृष्टिगत औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवनों, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी में नवाचार अपनाने वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। जिन्होंने बिजली, अन्य ईंधन बचाने के लिए अपने भवनों, इकाइयों में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में उत्कृष्टता हासिल की है। प्रवक्ता ने बताया कि 6 दिसंबर तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आईएएस पंकज को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** आईएएस अधिकारी पंकज, जो वर्तमान में पानीपत में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी तथा नगर निगम पानीपत के आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं, को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अब वे करनाल के अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी के साथ-साथ जिला परिषद करनाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा डीआरडीए करनाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का भी दायित्व निभाएंगे। इस संबंध में आदेश मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी किए गए हैं।

## भारतीय जनता पार्टी की अहम बैठक कुरुक्षेत्र कार्यालय में हुई

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 को कुरुक्षेत्र आएंगे, भाजपा ने तेज की तैयारी

**डॉ. सतीश पूनिया और बडौली ने घर-घर संपर्क करने के लिए कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के 25 नवंबर को हरियाणा के कुरूक्षेत्र दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बड़ी बैठक कुरुक्षेत्र कार्यालय पर हुई। प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क करने के लिए उपस्थित नेताओं को कहा।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिन रात राष्ट्र यज्ञ कर रहे हैं। हरियाणा के लिए यह गौरव की बात है कि ऐसे महान नेता एक बार फिर हरियाणा में आ रहे हैं तो उनके इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा हरियाणा वासियों को शामिल होने का न्योता दिया जाना चाहिए। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने कहा कि भाजपा का हरेक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के लिए घर घर पहुंचकर संपर्क करेगा। बैठक में प्रभारी और अध्यक्ष ने प्रदेश संगठन मंत्री फणिंद्र नाथ शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत अभियान, मन की बात कार्यक्रमों के विषय में पदाधिकारियों से पूछा और आगामी कार्यक्रमों को और बेहतर तरीके से करने के लिए कहा। आज की इस बैठक में उपाध्यक्ष के नाते मंत्री कृष्ण लाल पंवार, प्रदेश महामंत्री एवं सरकार में मंत्री कृष्ण बेदी, महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, उपाध्यक्ष सतीश नांदल आदि भी मंच पर मौजूद रहे। प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, आत्मनिर्भर भारत अभियान की प्रांत टोली, लोकसभा संयोजक, जिला संयोजक, आईटी की प्रांत टोली ने विचार रखे।



### गुरु तेगबहादुर जी के 150वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नायब सैनी सरकार गुरु तेगबहादुर जी के 150वें शहीदी दिवस को राज्य स्तर पर मना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 नवंबर को दो बजे कुरुक्षेत्र आ रहे हैं। पीएम मोदी ज्योतिसर में आयोजित राज्य स्तरीय गुरु तेगबहादुर जी के 150वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि ज्योतिसर में बने अनुभव केंद्र का प्रधानमंत्री मोदी उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी शामिल होंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के हर जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लाखों की संख्या में लोग कुरूक्षेत्र पहुंचेगे। उन्होंने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी के 150वें शहदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा के अंदर चार यात्राएं अलग-अलग स्थानों से चली हुई है। ये सभी यात्राएं 24 नवंबर को पातशाही गुरुद्वारा पर संपन्न होंगी।

### ऐतिहासिक होगा कार्यक्रमः पूनिया

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को 25 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के लिए घर-घर पहुंचकर न्यौता देने को कहा, तो सभी ने उत्साह से छुटकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अद्भुत तरीके से कार्य करते हैं। पीएम मोदी का देश की संस्कृति, विरासत और परम्परा में बड़ा अनुराग है और वे ऐसे अवसर कभी नहीं छोड़ते। पीएम मोदी ने देश की संस्कृति के लिए बहुत कुछ किया है।

## जेल विभाग ने एचकेआरएन के साथ किया एमओयू

# वोकेशनल ट्रेनिंग वाले कैदियों का पंजीकरण पोर्टल पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

हरियाणा जेल विभाग ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के साथ एमओयू साइन किया है। समझौते के तहत जेलों में वोकेशनल प्रशिक्षण लेने वाले कैदियों को एचकेआरएन पोर्टल पर पंजीकृत कर दिया जाएगा। इसके बाद जेल से रिहा होने के बाद रोजगार के अवसर मिल सकें।

डीजी जेल (सेवानिवृत्त) आलोक राय ने प्रेस कान्फ्रेंस की और बताया कि हरियाणा की जेलों —गुरुग्राम, अंबाला, करनाल, पानीपत और फरीदाबाद —में वोकेशनल ट्रेनिंग के साथ-साथ आईटीआई कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं। जेलों में कक्षाओं के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवा दिए हैं। एमओयू पर जेल विभाग के चीफ प्रोबेशन ऑफिसर विशाल और एचकेआरएन जीएम अंबिका पटियाल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जेल विभाग में शुरू हो रहे इन कोर्सों का औपचारिक शुभारंभ सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस द्वारा 6 दिसंबर को गुरुग्राम में किया जाएगा। हालांकि पांचों जेलों में कार्य पहले ही शुरू हो चुका है, लेकिन औपचारिक शुरुआत गुरुग्राम से होगी। बताया गया है कि हर साल करीब 50 हजार लोग जेल में आते हैं।

### कैदियों द्वारा बनाया गया सामान दो करोड़ में बिका

कैदियों द्वारा बनाए गए आर्ट एंड क्राफ्ट उत्पादों की प्रदर्शनी सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में लगाई गई थी, जहां लगभग 2 करोड़ रुपये का सामान बिका। गीता जयंती महोत्सव सहित अन्य आयोजनों में भी जेल विभाग को निशुल्क स्टॉल मिल रहे हैं, जहां कैदियों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1418

हमकि (1) गजराज (2) सत्यपाल (3) रूपकिशोर (4) नरेन्द्र कुमार (5) ब्रहमप्रकाश पुत्रान चन्दर सिहं पुत्र रामु उर्फ रामदयाल, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 78 मिन/67, खाता न0 79 मिन, मु0 न0 46, किला न0 14/2(2–11) में से मिन पश्चिम (0–3), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 3 मरले सालम भाग व खेवट न0 82/71, खाता न0 83, मु0 न0 52, किला न0 23/1(0–3), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 3 मरले का 26/75 भाग, बकदर 0 कनाल 1.04 मरला, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 4.04 मरले (0.02525 एकड़) (जिसमें गजराज – सत्यपाल – रूपकिशोर – नरेन्द्र कुमार – ब्रहमप्रकाश हर पाँच समभाग), वाका रकबा मौजा फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 46, किला न0 14/2 मिन पश्चिम (0–3), मु0 न0 52, किला न0 23/1 मिन रास्ताजात (0–1.04), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 4.04 मरले (0.02525 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 20.11.2025

विनय कुमार सैनी एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com




### सीएम ने संत कबीर कुटीर में सुनीं समस्याएं

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बृहस्पतिवार को संत कबीर कुटीर पर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने अधिकतर समस्याओं को निपटाने के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए।

### नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर शपथ लेने में सिरसा ने हासिल किया पहला स्थान

**चंडीगढ़।** सिरसा जिले में अब तक 88,200 लोगों ने ऑफलाइन माध्यम से तथा 10,145 लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन माध्यम से नशा विरोधी शपथ ली है। साथ ही 1,200 अधिकारी एवं कर्मचारी, 25,000 महिलाएँ तथा 62,000 से अधिक युवाओं ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन प्रयासों के बल पर सिरसा ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। प्रवक्ता ने बताया कि सिरसा जिला के सभी विभागों विशेष रूप से शिक्षा, पुलिस, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, पंचायत तथा खेल आदि विभागों की टीम सहित सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्य किया है। अभियान सभी विभागों के सामूहिक प्रयास और सहयोग का परिणाम है।

### मंत्री पंवार ने घायल को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज एक सड़क दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को स्वयं अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार वीरवार को दोपहर बाद कुरूक्षेत्र से चंडीगढ़ आ रहे थे। जैसे ही उनका काफिला पंजाब के डेराबस्सी के पास पंहुचा तो सड़क पर आवारा पशु के साथ एक बाईक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस बीच मंत्री ने तुंरत अपनी गाड़ी रूकवाकर उस सड़क दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अपनी गाड़ी में नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थिति को गंभीरता से देखते हुए डाक्टरों को तुंरत ईलाज करने के लिए कहा। इस उपरान्त उन्होंने युवक के परिजनों और पुलिस को भी सूचित किया।

## ऑपरेशन ट्रैक डाउन : सलाखों के पीछे 4 हजार से ज्यादा अपराधी

### एक ही दिन में 106 कुख्यात गिरफ्तार किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' के तहत 14 दिनों के अभियान ने कुल 4071 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है । यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि हरियाणा पुलिस की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

अपराधियों पर 18 नवंबर के दिन पुलिस की कार्रवाई विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जहाँ राज्य भर में व्यापक स्तर पर छापेमारी और धरपकड़ की गई। 'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' के तहत 106 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। विभिन्न मामलों में संलिप्त 217 अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया । गिरफ्तारी का आँकड़ा अब 874 तक पहुँच चुका है, जबकि अन्य मामलों में गिरफ्तार अपराधियों की संख्या 3197 हो गई है । आईजी एससीबी राकेश आर्य ने बताया कि जीरो टॉलरेंस रखते हुए आर्म्स एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 33 मामले दर्ज किए गए और 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । हत्या के प्रयास (अटेम्प्ट टू मर्डर) के 18 मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 29 आरोपियों को दबोचा है।

#### झज्जर, गुरुग्राम में बड़ी कार्रवाई

झज्जर, गुरुग्राम ने मारी बाजी, हिस्ट्रीशीट खोलने में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी कार्रवाई झज्जर पुलिस ने सबसे अग्रणी भूमिका निभाई है। झज्जर जिले में पुलिस ने बेहतरीन कार्यशैली का परिचय देते हुए सर्वाधिक 13 मामलों में 16 अपराधियों को गिरफ्तार किया है । वहीं, साइबर सिटी गुरुग्राम की पुलिस ने भी 9 मामलों में 11 अपराधियों को और जींद में 4 मामलों में 9 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा संख्याः NR-Proj-UMB-25011A **कार्य का नामः** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन (188.65 आरकेएम/377.30 टीकेएम) के सहारनपुर–मुरादाबाद खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री–बिड काफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 84.54Cr. | 43,77,100/- | 24 | NIL | 30.12.2025 at 15:00 Hrs | 30.12.2025 at 15:30 Hrs | हाँ |

| बिडिंग प्रणाली | बिडिंग टाइप | स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू | प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम) | मिनियम डीक्रिमेंट % | सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएच : एमएम) |
|---|---|---|---|---|---|
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 |

**कार्य की समान प्रकृतिः** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग". निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।
**नोटः–** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।
निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./13 तारीख : 19.11.2025 3603/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## भविष्य के लिए सबक, विशेष यूनिट स्थापित करने की कवायद

# आतंकवाद के विरुद्ध विशेष सेल बनाने की तैयारी, 150 सुरक्षा अधिकारी शामिल होंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार जल्द हरियाणा में आतंकवाद के विरुद्ध विशेष सेल बनाने की तैयारी में है। हाल ही में फरीदाबाद की यूनिवर्सिटी का घटनाक्रम और उसके बाद में लाल किले पर विस्फोट के मामले में सबक लेते हुए आतंकवाद के विरुद्ध विशेष सेल स्थापित करने पर विचार मंथन हो रहा है। सूबे में इसकी स्थापना को लेकर हाईलेवल की बैठकों का दौर चल रहा है।

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि आने वाले वक्त में पुराने ढर्रे अथवा सीआईडी के भरोसे यह काम नहीं होगा बल्कि इस कार्य के लिए आधुनिक हथियारों से युक्त टीमों का गठन होगा, जो किसी भी तरह की चुनौती से निपटने में कामयाब रहें। विशेष यूनिट की बात करें, तो लगभग 150 प्रशिक्षित सुरक्षा अधिकारी शामिल किए जाने की तैयारी है। जो एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में कार्य करेगी और आधुनिक तकनीकी साधनों की सहायता से संभावित खतरों का विश्लेषण करेगी। हरियाणा में आतंकवाद-निरोधी ढांचे को मजबूत करने के क्रम में यह कदम उठाने की तैयारी है। अर्थात विशेष यूनिट का फोकस पूरी तरह से दिल्ली एनसीआर अथवा राज्य के किसी अन्य हिस्से में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने, खतरों को देखते हुए पैनी नजर रखने के लिए रणनीति तैयार होगी।

### दूसरे राज्यों की विशेष यूनिटों को लेकर होगा अध्ययन

बताया जा रहा है कि संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत एक्शन लेने और त्वरित सूचनाओं का आदान प्रदान करने को लेकर उच्च स्तर पर चिंतन मंथन का दौर चल रहा है। राज्य सरकार की मंजूरी होने के साथ ही इसे कई अन्य राज्यों में उन्नत एंटी-टेरर मॉडल यूनिट्स का अध्ययन करने के बाद में स्थापित किया जाएगा। दिल्ली में लाल किले के पास बम विस्फोट के बाद हर राज्य अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने जा रहा है। इस क्रम में हरियाणा एक विशेष बल का गठन करेगा।जो पूरी तरह से आतंकवादियों व इस तरह का दुस्साहस करने वालों को लेकर काम करेगा। इस खास यूनिट से अन्य काम नहीं लिए जाएंगे। आतंकवादी खतरों और गतिविधियों को रोकने, जांच करने के लिए जिम्मेदार होगी।

### लंबे समय से प्रस्ताव लंबित

प्रस्ताव राज्य सरकार के गृह विभाग के पास काफी समय से इस तरह का प्रस्ताव लंबित चला आ रहा था। फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल मिलने के बाद पुलिस ने इस पर फिर से काम शुरू कर दिया है। पुलिस ने इस बारे में गृह विभाग से चर्चा की है। अब से पहले आतंकवादी गतिविधियों की खुफिया जानकारी जुटाने का काम सीआईडी और आईबी के पास है। नई सेल खुफिया जानकारी जुटाने के साथ-साथ ऑपरेशन और जांच भी करेगा।

### सीआईडी और आईबी के जिम्मे था काम

यह काम अब से पहले हरियाणा प्रदेश की सीआईडी खुफिया विभाग और केंद्र की एजेंसी आईबी के पास में हैं। लेकिन खुफिया तंत्र के पास बहुत सारे अन्य कामकाज हैं। अधिकांश सियासी हलचल पर नजर रखने, कर्मचारी संगठनों के धरने प्रदर्शन, अन्य आंदोलन अन्य गतिविधियों पर नजर रखने तक सीमित है। कई बार सियासी नेता हरियाणा खुफिया विभाग पर जासूसी करने के आरोप भी लगा चुका हैं। यहां तक की फोन टेपिंग करने जैसे काम करने के आरोप भी कई नेता लगाते रहे हैं। कुल मिलाकर आतंकवाद के विरुद्ध बनने वाले नए सेल के जिम्मे ही यह अहम काम होगा, वे अपनी सूचनाओं व अपने हिसाब से गोपनीयता बनाते हुए एक्शन लेंगे।


**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस संख्या:- 61256996, 61256827, 61255698A, 61256724

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61256996 | POH किट फॉर डंप वाल्व | 240 सेट्स | 22 दिसंबर 2025 |
| 2. | 61256827 | AAR स्टैण्डर्ड कार्ट्रिज टेपरड़ रोलर बेअरिंग | 1000 नग | 22 दिसंबर 2025 |
| 3. | 61255698A | वेरियस टाइप ऑफ इलेक्ट्रान बीम फ्लेक्सिबल एलस्टोमेरिक केबल | 70 वर्ग एमएम-840 मीटर<br>150 वर्ग एमएम-9480 मीटर<br>95 वर्ग एमएम-2560 मीटर<br>95 वर्ग एमएम-400 मीटर | 22 दिसंबर 2025 |
| 4. | 61256724 | आर्टिक्युलटेड स्फेरोलास्टिक रबर बेअरिंग | 504 नग | 22 दिसंबर 2025 |

**निविदा शर्तें**- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 3605/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:- 6HOBTV23 जो रामस्वरूप पुत्र श्री भवानीदास के नाम दर्ज है। इस प्रॉपर्टी को कान्ता पत्नी हंसराज अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। स्व० रामस्वरूप पुत्र भवानीदास की मृत्यु दिनांक 04.04.1991 को हो चूकी है। कृष्ण पुत्र श्री रामस्वरूप, अशोक कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप । बलजीत कोर पुत्री, सुरेश कुमारी पुत्रियान श्री रामस्वरूप व कान्ता विधवा, संगीता सेठी, पूजा, गगन रानी पुत्रीयान सचिन पुत्र हंसराज पुत्र रामस्वरूप तथा अनिल कुमार पुत्रान व नीलम रानी, कीर्ति पुत्रीयान स्व केलाश पुत्री रामस्वरूप और शालू पुत्री व अमित आहुजा पुत्र पुष्पा पुत्री रामस्वरूप निवासी बवानी खेडा वारसान तसदीक के आधार पर अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 26.09.2025 की वारसान तसदीक अनुसार 1. श्री कृष्ण पुत्र श्री रामस्वरूप 2. अशोक कुमार पुत्र श्री रामस्वरूप 3. बलजीत कोर पुत्र श्री रामस्वरूप 4. सुरेश कुमारी पुत्रियान श्री रामस्वरूप 5. कान्ता विधवा, संगीता सेठी, पूजा, गगन रानी पुत्रीयान सचिन पुत्र हंसराज पुत्र रामस्वरूप 6. अनिल कुमार पुत्रान व नीलम रानी, कीर्ति पुत्रीयान स्व० केलाश पुत्री रामस्वरूप 7. शालू पुत्री व अमित आहुजा पुत्र पुष्पा पुत्री रामस्वरूप वारिस होते है। इस प्रोपर्टी को कान्ता पत्नी हंसराज पुत्र स्व० रामस्वरूप के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा/आपति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना दावा/आपति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानीखेडा में देवें अन्यथा म्याद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। जिसकी नगरपालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/– सचिव
नगरपालिका, बवानीखेड़ा



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 797 दिनांक 15/10/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुण्ड़ली जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- आरती।
पति का नाम- पकंज।
पता - वासी गाँव नंगला भूज जिला कांसगंज UP हाल किरायेदार मकान संदीप नजदीक शराब का ठेका गांव नाथुपुर जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 20 वर्ष।
कद - करीब 5 फुट।
हुलियाः रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, मजबूत शरीर है।
पहनावाः - पीले रंग का सुट, काले रंग की सलवार व पैरो में चप्पल पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 26.10.2025 को आरती पत्नी पकंज वासी गाँव नंगला भूज जिला कांसगंज UP हाल किरायेदार मकान संदीप नजदीक शराब का ठेका गांव नाथुपुर जिला सोनीपत जो अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गई है। अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना बरोदा में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं। तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना कुण्डली मो. नं. :-7419410537,
अनुसंधानकर्ता मो. नं. :- 8059581886,
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत :- 0130-2222903,100

हस्ता/–अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4143/2026/40493/88/6 दि. 20.11.2025


# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में हरियाणा देशभर में चौथे स्थान पर पहुंचा

**चंडीगढ़।** विकसित भारत-2047 की परिकल्पना के तहत सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना लागू की है, जिसके तहत 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजन के लिए लगभग 1 लाख करोड़ रुपये रोजगार प्रादाताओं एवं रोजगार प्राप्तकर्ताओं को प्रदान की जाएगी। इस योजना के कार्यान्वयन में हरियाणा राज्य बड़े राज्यों को पीछे छोड़कर देशभर में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। हरियाणा श्रम तथा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन की अध्यक्षता में आज रोजगार मेले लगाने वाले तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, रोजगार विभाग, कौशल विभाग के अधिकारियों तथा आईटीआई के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। रंजन ने बताया कि नये कर्मचारी ने ईपीएफओ 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच पंजीकरण किया हो, मासिक वेतन एक लाख रुपये से कम हो, ऐसे नये कर्मचारी को 15,000 रुपये तक 'कर्मचारी भविष्य निधि' में अतिरिक्त भत्ता दो किस्तों में भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाएगा।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में जाखल धारसुल रोड से रेलवे स्टेशन कि.मी. 0 से 1.100 तक रोड पर सीसी पेवमेंट का प्रावधान (आईडी 5527) | 18.11.2025 28.11.2025 | 173.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में हमजापुर से सेहनाल रोड कि.मी. 0 से 1.30 पर चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 5565)। | 18.11.2025 25.11.2025 | 60.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | गांव ढाणी रहीमपुर ब्लॉक तोशाम में पानी की टंकी का निर्माण, डीपी + 10 कार्य। | 19.11.2025 24.11.2025 | 51.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | खैंराना ब्लॉक कनीना - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 19.11.2025 26.11.2025 | 130.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | मंडलाना ब्लॉक नारनौल - स्टेडियम से हाईवे एनएच-11 अण्डर पास की तरफ आईपीबी रास्ता का निर्माण + 9 कार्य। | 18.11.2025 25.11.2025 | 342.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां, सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में तीन कार्यों + स्थापना सहित इंडोर जिम के लिए उपकरणों को खरीदने हेतु निविदा के लिए (कैटेगरी-गुड्स) विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 20.11.2025 09.12.2025 | 20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/120/40512/I/88/6 दि. 20.11.25




इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000^
HDFC BANK
क्रेडिट कार्ड
FESTIVE TREATS
Powered by pine labs

प्रतिदिन EMI
₹89$
से शुरू

डाउन पेमेंट
₹1999$
से शुरू

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹2 200~
तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on:
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Xtreme 125R in Haryana.

TOLL FREE
1800 266 0018

**Authorised Dealers:** **Ambala Cantt:** Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero - 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero - 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero - 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero - 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero - 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero - 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero - 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero - 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero - 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero - 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:**Chaudhary Hero - 9289922062; **Karnal:**Nirmal Hero - 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero - 9289922988; **Ladwa:**Khanna Hero - 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero - 9289922490; **Nuh:**Sunil Hero - 9289923087; **Narnaul:**Autodeals Hero - 9289922058; **Narwana:**Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero - 9289922877; **Panchkula:** Regent Hero - 9289923161; **Panipat:** Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero - 9289922393; **Rewari:** Virendra Hero - 9289922060; **Rohtak:**Shivam Hero - 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero - 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694.

## हरियाणा के युवकों को नौकरी का झांसा देकर म्यांमार में साइबर क्राइम में धकेला

# चाइनीज साइबर ठगों से बच म्यांमार से लौटे 23 युवक

फतेहाबाद जिले के भूना के दो पीड़ित युवकों की शिकायत पर सिरसा और उत्तराखंड के तीन एजेंटों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

म्यांमार की सेना ने स्कैम सेंटर पर छापा मारकर भारतीय युवाओं को साइबर ठगों के चंगुल से बचाया। 6 व 10 नवंबर को विमान से वापस भारत भेजा। अब पीड़ितों ने करवाया केस दर्ज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद/भूना

म्यांमार में साइबर क्राइम कंपनियों के चंगुल से छूटकर लौटे भूना ब्लॉक के दो युवकों की शिकायत पर पुलिस ने सिरसा और उत्तराखंड से जुड़े एजेंट गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दोनों युवक एक ही गांव के 22 और 26 वर्षीय हैं, जिन्हें म्यांमार में चीनी हैंडलरों द्वारा बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड से जुड़े काम करवाए जा रहे थे।

इन युवकों ने बताया कि वे अलग-अलग एजेंटों के माध्यम से पहले नौकरी की तलाश में थाईलैंड पहुंचे। वहां से उन्हें बेहतर सैलरी और फ्री रहने-खाने का झांसा देकर म्यांमार स्थित एक चीनी कंपनी में भेजा गया, जहां पहुंचते ही पासपोर्ट जब्त कर लिए गए और धमकियों के बीच गैरकानूनी कार्यों के लिए दबाव बनाया गया। खतरनाक हालात से बाहर निकलने की कोशिश में एक युवक ने भरोसेमंद व्यक्ति की मदद से भारतीय एंबेसी को ईमेल भेजी।




### 28 अक्टूबर को सेना ने बचाया

28 अक्टूबर को म्यांमार सेना ने उस इलाके में रेड की। अफरा-तफरी के दौरान कुछ युवक मौके से भाग निकले जबकि कुछ को सेना ने सुरक्षित थाईलैंड पहुंचाकर भारतीय दूतावास को सौंप दिया। युवकों के अनुसार 6 और 10 नवंबर को भारतीय वायुसेना ने उन्हें थाईलैंड से एयरलिफ्ट कर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पहुंचाया। वहां विभिन्न एजेंसियों द्वारा विस्तृत पूछताछ के बाद सभी को उनके जिलों से नियुक्त नोडल अधिकारियों के हवाले किया गया।

### 11 नवंबर को फतेहाबाद पहुंचे

हरियाणा के 23 युवकों को एयरबेस पहुंचाया, जिसमें फतेहाबाद के 3 युवक शामिल थे। 7 नवंबर को जिला प्रशासन की ओर से सूचना मिलने पर 11 नवंबर को दोनों युवकों को टोहाना के तहसीलदार ने रिसीव किया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि दोनों की शिकायत पर सिरसा और उत्तराखंड के तीन एजेंटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि विदेश में नौकरी के नाम पर मिलने वाले आकर्षक ऑफर से सतर्क रहें, नियोक्ता की पूरी जांच-पड़ताल करें और किसी भी संदिग्ध एजेंट के भरोसे विदेश न जाएं। उन्होंने कहा कि थाईलैंड में वीजा-फ्री एंट्री केवल पर्यटन और छोटी बिजनेस ट्रिप के लिए है, रोजगार के उद्देश्य से इसका इस्तेमाल न करें।

## गीता महोत्सव 2025 की धूम



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के थानेसर में स्थित ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 मनाया जा रहा है। गीता महोत्सव की शुरुआत 1989 से हुई व 2016 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे मनाया जा रहा है। इस दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने भी कई गणमान्य अतिथियों के साथ ब्रह्मसरोवर परिसर का भ्रमण किया। महोत्सव में 24 नवंबर को गीता यज्ञ और गीता पूजन से मुख्य कार्यक्रमों का आगाज होगा और यह 1 दिसंबर तक चलेंगे। सरस और शिल्प मेला 5 दिसंबर तक चलेगा।

## नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोपी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला भिवानी में रहने वाली एक महिला ने थाना जुई कला पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि 24 सितम्बर 2024 को आरोपी उसकी नाबालिग लड़की को घर के बाहर खेलते समय प्लाट में लेकर गया था। उसकी नाबालिक लड़की के साथ यौन उत्पीड़न किया था और वहीं आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस शिकायत पर थाना जुई कला पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना जुई कलां में दर्ज किया था। थाना जुई कलां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। न्यायालय ने आरोपी को ट्रायल के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी की पहचान प्रवीण पुत्र महाबीर निवासी देवसर भिवानी के रूप में हुई है।

## बेलगाम ट्राले ने सिपाही को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

■ वाहनों की जांच कर रहे थे पुलिसकर्मी, ट्राले को रोकना चाहा तो कुचल दिया

बेरिकेड तोड़ने के बाद पिकअप व सरकार गाड़ी में मारी टक्कर

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-1 थाना एरिया में बुधवार रात एक बेलगाम ट्राले ने वाहनों की जांच कर रहे एक सिपाही को कुचल दिया। हादसे में सिपाही की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक ने ट्राले से पहले पिकअप में टक्कर मारी उसके बाद सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पिकअप की जांच कर रहे पुलिसकर्मियों ने एक तरफ कूदकर अपनी जान बचानी पड़ी। वहीं ट्राले का डीजल टैंक फटने के कारण चालक ट्राले को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

रेवाड़ी निवासी अजय वर्ष 2019 में हरियााणा पुलिस में भर्ती हुआ था। ईएचसी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात्रि नाका प्रभारी पुलिस चौकी ग्वाल पहाड़ी में तैनात है। 19/20 नवंबर की रात को वह सिपाही अजय, सिपाही देवेंद्र, होम गार्ड जवान संजय व वालिद हुसैन के साथ पुलिस चौकी ग्वाल पहाड़ी के सामने नाका लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। रात करीब 2.30 बजे एक पिकअप गाड़ी को रूकवाकर उसके दस्तावेज जांच रहे थे। वहीं, सिपाही अजय पिकअप के पीछे खड़ा था। करीब 2.35 बजे गुरुग्राम की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्राले को पुलिसकर्मियों ने रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने ट्राला नहीं रोका और सड़क के बाएं तरफ लगे हुए बेरिकेड्स में सीधी टक्कर मार दी। वह बेरिकेड्स को घसीटते हुए ले गया। वहीं चालक ने सिपाही अजय को टक्कर मारकर कुचल दिया। इसके बाद ट्राला चालक ने पिकअप गाड़ी में टक्कर मारी तो पिकअप गाड़ी पलट गई।

ऑनर किलिंग
लव मैरिज से नाराज था भाई

## भाई ने बहन को 5 गोलियां मारीं बचाने आए देवर को एक लगी

■ देवर का पीजीआई में चल रहा इलाज, पुलिस ने 4 टीम बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



जिले में ऑनर किलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। काहनी गांव में बुधवार रात लव मैरिज से नाराज भाई ने अपनी बहन सपना (23) की घर में घुसकर पांच गोलियां मारकर हत्या कर दी। वहीं, बचाने आए देवर साहिल को भी छाती में गोली लगी। उसे गंभीर हालत में पीजीआई में भर्ती कराया गया है। घटना के समय सपना का पति सूरज घर पर मौजूद नहीं था, जिससे उसकी जान बच गई। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

सपना ने करीब तीन साल पहले गांव के ही युवक सूरज से प्रेम विवाह किया था। युवती का परिवार इस शादी से नाखुश था। शादी के बाद दोनों कुछ समय रोहतक में किराए पर रहे, लेकिन कुछ महीने पहले ही गांव लौट आए थे। इससे सपना के मायके वाले खुद को अपमानित महसूस कर रहे थे। बुधवार रात 9:40 बजे सपना का भाई संजू अपने तीन साथियों के साथ घर पर पहुंचा। परिवार ने उन्हें सीसीटीवी कैमरे में देख लिया था, लेकिन उससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, हमलावर घर में घुस आए और सपना पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही उसकी मौके पर मौत हो गई। आवाज सुनकर देवर साहिल बाहर आया तो संजू ने उसकी छाती में गोली मार दी। गोली आर-पार हो गई। वारदात के बाद आरोपी पिस्टल लहराते हुए भाग निकले। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है। सपना के पति सूरज ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी है। उनका कहना है कि उन्होंने कोर्ट मैरिज की थी, इसलिए परिवार ने इस वारदात को अंजाम दिया।



रोहतक के काहनी गांव में हत्या की जांच करती टीम। फोटो: हरिभूमि

### आरोपियों की हुई पहचान, पुलिस कर रही छापेमारी

डीएसपी रवि खुंडिया ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने चार टीमें गठित कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। शादी के समय दोनों को सुरक्षा भी दी गई थी, लेकिन खतरा कम समझकर वे कुछ समय पहले गांव लौट आए थे। मृतका के शव का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। पीछे 2 साल का बेटा रह गया है।

## एचटेट के परिणाम पर जजपा ने उठाए सवाल

**चंडीगढ़।** जजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा और परिणाम में सामने आई अनेक गड़बड़ियों को लेकर तुरंत जांच और स्पष्टीकरण देने की मांग भाजपा सरकार से की है। उन्होंने कहा कि यह मामला चेहतों को परीक्षा में पास करवाने का लग रहा है। दिग्विजय ने कहा कि दोबारा रिजल्ट तैयार करने और 1284 नए कैंडिडेट पास किए जाने की खबरें सामने आई हैं। आखिर अतिरिक्त जोड़े गए ये कैंडिडेट कौन हैं और कैसे इनको बाद के रिजल्ट में जोड़ा गया? यह बेहद गंभीर विषय है। इस तरह से एचटेट की परीक्षा में गड़बड़ियां करके रोजगार की आस में बैठे बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एचटेट रिजल्ट के बारे में मीडिया को जानकारी नहीं दी गई। रिजल्ट जारी होने के 90 दिन तक ओएमआर शीट निकलवाने का प्रावधान होता है, लेकिन इसमें केवल 10 दिन का ही समय दिया गया। दिग्विजय ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि सिक्योरिटी ऑडिट का बहाना करके नया रिजल्ट तैयार करवाया गया। दिग्विजय ने आगे कई सवाल पूछते हुए कहा कि पहले से तैयार परिणाम को आखिर संशोधित करने की नौबत क्यों आई ? तीन से चार बार रिजल्ट को वेरीफाई किया गया तो नए सिरे से परिणाम किस लिए तैयार किया गया? सिक्योरिटी ऑडिट के नाम पर भारी राशि किस लिए खर्च की जाती है?

## कनीना तहसील कार्यालय का पटवारी 20 हजार की रिश्वत लेते काबू

**कनीना।** कनीना तहसील में कार्यरत एक पटवारी को वीरवार सायं एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। रामबास निवासी अशोक कुमार ने पटवारी से विरासत का इंतकाल दर्ज करवाने लोन की फाइल पर हस्ताक्षर के लिए संपर्क किया था। लोन की फाइल पर हस्ताक्षर करने तथा कपूरी के रकबे का विरासत इंतकाल दर्ज करने की एवज में पटवारी ने 20 हजार रुपये की मांग की। सहमति होने पर सायं करीब 4:30 बजे अशोक ने जैसे ही पटवारी को उक्त रकम दी तो पटवारी को संदेह हो गया। रुपये जेब में डालकर स्कूटी पर सवार होकर पटवारी ज्यों ही निकलने लगा तो पहले से तैयार खड़ी एसीबी टीम के सदस्यों ने पीछा कर उसे धर दबोचा। आरोपित पटवारी से 20 हजार की नकदी भी बरामद हुई। आरोपित पटवारी की पहचान विक्रम सिंह के रूप में हुई है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Jitesh Kumar Sharma**
Civil Judge (Junior Division)
**Nirmala Tokas daughter of Preet Singh alias Tarif Singh and wife of Suresh Kumar**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRJR02-001153-2025
Next Date : 19.01.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**India**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **19.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Jitesh Kumar Sharma
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
Dated, this day of 20.11.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
(UNDER GUARDIAN AND WARD ACT)
IN THE COURT OF
**Sh. Sudhir Kumar**
Civil Judge (Senior Division), Karnal
**Dipanshu Minor etc**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRKR02-000493-2025
Next Date : 30.01.2026
**GW/8/2025**
**NOTICE TO:**
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear n person or through counsel on **30.01.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/-
Civil Judge (Senior Division)
Karnal
Dated, this day of 18.11.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Monika Khanagwal**
Additional Civil Judge (Senior Division)
**Ved Pal**
**Vs.**
**Mahender Singh**
CNR No. HRJR02-000867-2019
Next Date : 21.02.2026
**That pass a decree in favour of the plaintiff and against the defendants**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
**Def no 2 Lrs Arun S/o Jalkour w/o Rajender Jyoti D/o Arvind S/o Jalkaur Anita Wd/o Arvind S/o Jalkaur Sujata D/o Arvind Prashant S/o Arvind Def no 5 Lrs Chandro Wd/o Ramkishan Birmati Sheel Santosh D/o Ramkishan Bhahwar Badan Ajit S/o Ramkishan All above R/o Village Chimni Tehsil Beri District Jhajjar**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.02.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/- Dr. Monika Khanagwal
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar

## डिजिटल अरेस्ट कर 16 लाख रुपये ठगने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना सेंट्रल की टीम ने धोखाधड़ी के एक मामले में खाताधारक व खाता उपलब्ध करवाने वालों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-37 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के पास 29 सितम्बर को व्हाट्सएप पर कॉल आया, जिसने उसे कैनरा बैंक एटीएम कार्ड की फोटो भेजी। जिस पर उसका नाम लिखा था और उसने कहा कि उसके इस खाते में 3 करोड़ रुपये है। इसके बाद उन्होंने कहा कि वो उसके खाते की वेरिफिकेशन कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने उससे खाते में बैलेंस और एफडी की जानकारी मांगी। फिर उस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति से उसकी बात करवाई, जिसने उसे कहा कि एफडी के पैसे निकालकर उसके पास भेज दें, जो वेरिफिकेशन के बाद वापिस कर दिए जाएंगे और फिर उसकी पत्नी ने 16 लाख रुपये ठगों के बताए खाते में भेज दिए। इसकी शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हिमांशु निवासी बसई, न्यू दिल्ली शिवम निवासी रमेश नगर वेस्ट दिल्ली व अभिषेक निवासी गांव पडरौना गोरखपुर उत्तर प्रदेश हाल कीर्ति नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अभिषेक खाताधारक है, जिसके खाता में ठगी के 3 लाख रुपये आए थे और इसने अपना खाता शिवम व हिमांशु को दिया था, जिन्होंने इस खाता को आगे ठगों को दिया था।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**जिला रेडक्रास सोसायटी रोहतक**
**सूचना**
मेडिकल मोड, रोहतक स्थित रेड क्रॉस, नशा मुक्ति केंद्र, रोहतक के भवन के बाहर बनी दो मेडिकल शॉप व लैब दोनों दुकानों की कुल 94 गज में बनी हुई है जिनकी बोली 1 दिसंबर, 2025 को सुबह 11:00 बजे रेड क्रॉस भवन, नजदीक तहसील, रोहतक में उच्च अधिकारी की उपस्थिति में लगाई जाएगी। बोली Rs1,50,000/-(एक लाख पचास हजार) से शुरु होगी और अग्रिम राशि के रूप में बोली दाता को Rs10,00,000/- (दस लाख) रुपए नगद अथवा ड्राफ्ट के रूप में जमा करवाने होंगे। नियम व शर्तों की प्रति किसी भी कार्य दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी से प्राप्त की जा सकती है।
**सम्पर्क सूत्र :** 7404172954, 8571856900
**उपायुक्त एवं प्रधान**
**जिला रेड क्रॉस, रोहतक**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में न्यू सुभाष नगर (यूसी-12984) में नागरिक सुविधाओं का प्रावधान + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.11.2025 | रु. 209.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 eobahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40501/I/88/6 दि. 20.11.25

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6054




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 6053 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | य | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |



## चिंतन

# बिहार में एक बार फिर सुशासन बाबू सरकार

बिहार में एक बार फिर से सुशासन राज का श्रीगणेश हो गया। मिस्टर क्लीन नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नए चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गई है। चुनाव से पहले नितीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर तरह- तरह की बातें होती रहीं, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों रैलियां करके दिखा दिया कि वे पूरी तरह से तैयार हैं। जेडीयू ने 2020 में मिली अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी करते हुए 85 सीटें हासिल कीं। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया, जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। हालांकि यह क्षमता लालू प्रसाद और तेजस्वी, मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और चिराग पासवान में भी है, लेकिन नीतीश को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह यह है कि वे अपने साथ जुड़ी सभी जातियों के बीच यह कर दिखाते हैं। नीतीश की अपनी जाति, कुर्मी की संख्या बेहद कम है, लेकिन यह तथ्य उनके लिए कोई बाधा नहीं रहा है, ईबीसी, गैर-यादव ओबीसी और महिलाओं का गठबंधन बनाने में उनकी राजनीतिक प्रतिभा को दर्शाता है। अगड़ी जातियों में भी उनके प्रति कोई द्वेष नहीं है। ऐसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण गहरे हैं, यह उन्हें एक खास स्थान दिलाता है। नीतीश अपने विकास कार्यों और नेक नियति के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में इतनी लंबी पारी गुजारने के बाद भी विरोधियों के पास उनके खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। न तो कोई भ्रष्टाचार का मामला और न ही फेराफेरी की गुंजाइश। इसीलिए उन्हें मिस्टर क्लीन भी कहा जाता है। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी सीएम पर भ्रष्टाचार की उंगली नहीं उठाई। राजद प्रमुख लालू यादव के उलट, उन पर अपने बेटे को बढ़ावा देने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता। लालू-राबड़ी के शासनकाल के बाद बिहार को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके शासन और नीतिगत प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। बिजली की नियमित उपलब्धता, जो अब समाज के बड़े हिस्से के लिए लगभग मुफ्त है, राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का जाल और बेहतर कानून-व्यवस्था ने उन्हें प्यार दिलाया। वे बिहार के चहेते बन गए। उनके द्वारा किए गए विकास के चर्चे पूरे बिहार ही नहीं देशभर में होते हैं। पहली बार वह मार्च 2000 में सीएम बने, लेकिन बहुमत न होने के कारण सिर्फ सात दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 2005 में उन्होंने लालू प्रसाद के वर्चस्व को खत्म कर एनडीए सरकार बनाई। 2010 के चुनाव में भी उन्हें बड़ी जीत मिली, जिसके बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में जदयू की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने जीतन राम मांझी को सीएम बनाया, लेकिन फरवरी 2015 में एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली। नवंबर 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी सफलता मिली और उस सरकार में भी नीतीश ही मुख्यमंत्री रहे। 2017 में राजद से टकराव के बाद उन्होंने फिर एनडीए सरकार बनाई। 2020 चुनाव के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री बने। 2022 में 8 बार सीएम बने और फिर 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये अपने आप में रिकार्ड है और नीतीश इसके नायक। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपनी सुशासन बाबू की छवि को और बेहतर निखारेंगे।



अंकुश
प्रमोद भार्गव

# अंतिम सांसें गिनता नक्सली माओवाद

मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मार गिराया है। इसके साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मारने के साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। हालांकि इस मुठभेड़ में मप्र के बालाघाट में पदस्थ निरीक्षक आशीष शर्मा को बलिदान देना पड़ा है। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाएं जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है। उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस



तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए हिड़मा का बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में बोलबाला रहा है। अब हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली समस्या के हल की गुंजाइश बढ़ गई है। कांग्रेस की पूर्व केंद्र तथा छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार नक्सली समस्या से निपटने के लिए दावा करती रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि तत्कालीन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है, क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा फिर सत्ता में आई, उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
डॉ.रमेश ठाकुर



# सूचना संसार पर 'टेलीविजन' ने जमाया अंगद की तरह कदम

चाहें सूचनाएं हों या मनोरंजन के साधन, दोनों ही धड़े अब टेलीविजन के इर्द-गिर्द ठहर गए हैं। सूचनाओं के प्लेटफार्म बेशक बहुतेरे हों, जैसे अखबार, रेडियो, सोशल मीडिया आदि, टीवी ने दर्शकों का सर्वाधिक हिस्सा अपनी ओर घुमा लिया है। आज 'विश्व टेलीविजन दिवस' है जो सालाना नवंबर की 21 तारीख को समूचे संसार में मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस मकसद के साथ घोषित किया, ताकि निर्णय लेने में टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव को पहचाना जा सके और शांति, सुरक्षा और आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में इसकी भूमिका को सराहा भी जा सके। टेलीविजन दर्शकों को उनकी पसंद का सारा मनचाहा मैटेरियल घर बैठे-बिठाए परोस रहा है। इसलिए कह सकते हैं कि टेलीविजन ने अंगद की भांति देश-दुनिया की तमाम सूचनाओं और मनोरंजनों के साधनों को पहुंचाने और विचारों के आदान-प्रदान के तौर पर अपने पांव मजबूती से जमा लिए हैं। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दिल्ली से 15 सितंबर, 1959 को हुई, जो कुछ वर्षों में तेजी से रफ्तार पकड़ी। टीवी के आविष्कार की जहां तक बात है, तो एक प्रसिद्ध स्कॉटिश इंजीनियर थे जिन्होंने टीवी को पहली मर्तबा खोजा। नाम था 'जॉन लोगी बेयर्ड'। जॉन ने वर्ष-1924 में टीवी का श्रीगणेश किया। फिर 1927 में संसार में पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण हुआ, जिसे सितंबर की पहली तारीख और सन 1928 को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीवी ने अपना ऐसा प्रभाव छोड़ा, जिसके सामने समूचा संसार नतमस्तक हो गया। वैसे, कलर टेलीविजन के आविष्कार का भी श्रेय महान वैज्ञानिक 'जॉन लोगी बेयर्ड' को ही जाता है जिन्होंने 1928 में टीवी के सफेद पर्दे को रंगीन में बदला था। उसके बाद से रंगीन टीवी का प्रचलन आरंभ हुआ। रेडियो ने जहां आवाज और अखबार ने पठनीय माध्यमों से सूचनाओं को पंख लगाए हैं। वहीं, टेलीविजन ने संचार को दृश्यात्मकता तौर पर आंखें प्रदान कर दी हैं। टेलीविजन की पकड़ सिर्फ मनोरंजन तक नहीं है, बल्कि, समाचार, विचार, शिक्षा और जागरूकता जैसे असंख्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। टीवी आमजनों की विभिन्न जिज्ञासाओं को भांप कर उन्हें वैसा ही स्वाद देने का प्रयास करता है। सरकारी योजनाएं हों या सार्वजनिक सूचनाएं सभी में टीवी का पर्दा अभूतपूर्व और अव्वल भूमिका निभा रहा है। कह सकते हैं कि टेलीविजन ने सशक्त और द्रुतगति का जरिया बनकर सुगमता के अनगिनत रास्ते खोलने की महती भूमिका निभाई है। विकास और आविष्कार हमेशा से एक-दूसरे के समानार्थी सहयोगी रहे हैं। ये तथ्य समानरूपी चरितार्थ इसलिए हैं कि विकास और आविष्कार ने मिलकर विगत तीन दशकों में बड़ा विस्तार किया है जिसमें टेलीविजन की अग्रणी भूमिका रही है। यूं कहें कि टेलीविजन का पर्दा प्रत्येक इंसान के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वर्ष 1996 के आसपास की बात है, जब पहली मर्तबा विश्व टेलीविजन फोरम की याद में हर साल 21 नवंबर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाने का प्रचलन शुरू हुआ। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के निर्णय की क्षमता पर ऑडियो-विजुअल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और अन्य प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में टीवी की संभावित भूमिका को पहचानने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। 21वीं सदी में टेलीविज़न ने मुद्रित माध्यम की साक्षर होने की शर्त को भी अनावश्यक प्रमाणित कर दिया। भारतीय संदर्भ में देखें, तो सिनेमा उद्योग आज भी अपनी फिल्मों के प्रमोशन से लेकर रिएलिटी शोज़ को आगे बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की ओर ही दौड़ते हैं। दरअसल, उनको टीवी की ताकत का अंदाजा अच्छे से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब देशवासियों से कुछ कहना होता है, तो वह भी टीवी के जरिए ही अपनी जरूरी बात को सभी तक पहुंचाते हैं। मौजूदा वक्त में टीवी की भूमिका में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। संचार क्रांति फोटोग्राफी, टेलीग्राफी, रेडियो और टेलीविज़न के आविष्कारों से समृद्ध होते हुए बदलाव का सिलसिला अब इंटरनेट तक पहुंच गया है। ये बात तथ्यात्मक है कि इंटरनेट से पहले रेडियो-टेलीविज़न ने ही संचार क्रांति को आगे बढ़ाया था। मार्च 2025 तक, भारत में 918 निजी उपग्रह टेलीविजन चैनल थे जिनमें से 908 भारत में डाउनलिंकिंग के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि चैनलों की संख्या घटती-बढ़ती रहती हैं। दृश्य टीवी की ताकत होते हैं। कवरेज के दौरान दिखाए गए दृश्यों पर दुनिया आंख मूंदकर विश्वास करती है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में टीवी की भूमिका अहम रही है और सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हर मानव में होती हैं शुभ व अशुभ इच्छाएं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में खाता है, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। *- मनोज वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# मेटा ने आस्ट्रेलियाई किशोरों को डेटा के लिए किया सचेत


प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के हजारों किशोर उपयोगकर्ताओं को दो हफ्तों में अपनी डिजिटल 'हिस्ट्री' डाउनलोड करने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स से अपना खाता हटाने की चेतावनी भेजनी शुरू कर दी है। यह कदम दुनिया में पहली बार लागू होने वाले उस सोशल मीडिया प्रतिबंध से पहले उठाया गया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते बंद किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि मेटा के तीनों मंचों फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स के साथ ही स्नैपचैट, टिकटॉक, एक्स और यूट्यूब को भी 10 दिसंबर से 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खाता धारकों को हटाने के लिए कदम उठाने होंगे। कैलिफोर्निया स्थित मेटा ने बृहस्पतिवार को किशोर खाता धारकों को एसएमएस और ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि चार दिसंबर से संदिग्ध नाबालिग उपयोगकर्ताओं की इन मंचों तक पहुंच रोक दी जाएगी। मेटा ने एक बयान में कहा, 'हम आज से प्रभावित किशोरों को सूचित करना शुरू कर रहे हैं ताकि वे अपने संपर्कों और यादों को सुरक्षित कर सकें।' मेटा ने यह भी कहा कि इस अवधि में किशोर उपयोगकर्ता अपनी संपर्क जानकारी अपडेट कर सकते हैं।




## ऑफ बीट

# भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं

क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है, जिसका अर्थ है कि यद्यपि आप बेहतर महसूस करते हैं, यह व्यवहार प्रबल हो जाता है, इसलिए नकारात्मक भावनाओं के जवाब में आपके खाते रहने की संभावना अधिक होती है। भावनात्मक खान-पान और अनियंत्रित खान-पान की प्रवृत्ति खाने के विकार के लक्षणों और खराब गुणवत्ता वाले आहार से जुड़ी होने की अधिक संभावना है, जिसमें सब्जियों का कम सेवन और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन शामिल है।



## ट्रेंड

### शपथ लेने पर बधाई



बिहार के मुख्यमंत्री पद की पुनः शपथ लेने पर नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को हार्दिक बधाई! साथ ही आज शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बहुत बधाई। सभी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि



भारतीय खेल जगत के गौरव, 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके हर कदम में संघर्ष की गूंज थी, हर जीत में राष्ट्र का गौरव था। मिट्टी के ट्रैक से विश्व मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा ने दुनिया को सिखाया कि मेहनत ही सबसे बड़ा पदक है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### हेली पर्यटन सेवा



मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के नए युग का शुभारंभ... आज से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का नियमित रूप से संचालन होने जा रहा है। इस सुविधा से कम समय में अधिक गंतव्यों की यात्रा पूर्ण होगी। अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन में भी वृद्धि होगी।
**- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### हवा स्वच्छ बनाने के प्रयास



दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग व्यवस्था और रोज़ाना कचरे की बायो-माइनिंग जैसे प्रयास निरंतर जारी हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत और अमेरिका की भिड़ंत के साथ 15 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट

## 6 फरवरी को फाइनल, 16 देशों की टीमें लेंगी भाग, आईसीसी ने जारी किया शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुरुषों का अंडर-19 विश्व कप का अगला संस्करण 15 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विश्व कप के 16वें संस्करण के लिए शेड्यूल की घोषणा की है। आईसीसी के कार्यक्रम के अनुसार, 6 फरवरी को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा।

### ग्रुप-ए में मौजूद है भारतीय टीम




अंडर-19 विश्व कप के लिए 16 टीमों को 4-4 टीमों के ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारतीय टीम मौजूद है, जिसमें बांग्लादेश, अमेरिका और न्यूजीलैंड अन्य टीमें हैं। इसी तरफ ग्रुप-बी में जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। ग्रुप-सी में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका है। ग्रुप-डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टीमों को शामिल किया गया है।

### 15 जनवरी को अपना पहला मैच खेलेगी भारतीय टीम

15 जनवरी: अमेरिका बनाम भारत, बुलावायो।
15 जनवरी: जिम्बाब्वे बनाम स्कॉटलैंड, हरारे।
15 जनवरी: तंजानिया बनाम वेस्टइंडीज, विंडहुक।
16 जनवरी : पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, हरारे।
16 जनवरी: ऑस्ट्रेलिया बनाम आयरलैंड, विंडहुक।
16 जनवरी: अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, विंडहुक।
17 जनवरी: भारत बनाम बांग्लादेश, बुलावायो।
17 जनवरी: जापान बनाम श्रीलंका, विंडहुक।
18 जनवरी: न्यूजीलैंड बनाम अमेरिका, बुलावायो।
18 जनवरी: इंग्लैंड बनाम जिम्बाब्वे, हरारे।
18 जनवरी: वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, विंडहुक।

### ऐसा है 19 से 23 जनवरी का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 19 जनवरी | : पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड, हरारे। |
| 19 जनवरी | : श्रीलंका बनाम आयरलैंड, विंडहुक। |
| 19 जनवरी | : द.अफ्रीका बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 20 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, बुलावायो। |
| 20 जनवरी | : ऑस्ट्रेलिया बनाम जापान, विंडहुक। |
| 21 जनवरी | : इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड। |
| 21 जनवरी | : अफगानिस्तान बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 22 जनवरी | : जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान, हरारे। |
| 22 जनवरी | : आयरलैंड बनाम जापान। |
| 22 जनवरी | : वेस्टइंडीज बनाम द. अफ्रीका, विंडहुक। |
| 23 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम अमेरिका। |
| 23 जनवरी | : श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया। |
| 24 जनवरी | : भारत बनाम न्यूजीलैंड। |
| 24 जनवरी | : ए4 बनाम डी4 |

### ऐसा है सुपर-6 का निर्धारित कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 25 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी3 |
| 25 जनवरी | : सुपर-6 डी2 बनाम ए3 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी4 बनाम सी4 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 सी1 बनाम बी2 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम ए2 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी2 बनाम बी3 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी3 बनाम बी1 |
| 28 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी2 |
| 29 जनवरी | : सुपर-6 डी3 बनाम ए2 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 डी1 बनाम ए3 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 बी3 बनाम सी1 |
| 31 जनवरी | : सुपर-6 बनाम सी3 |
| 01 फरवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम सी2 |

## खबर संक्षेप



### अजहर अली ने पाकिस्तान की चयन समिति छोड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई। सूत्र ने कहा ,'' अजहर ने बोर्ड को इस सप्ताह इस्तीफा सौंप दिया जो स्वीकार कर लिया गया।'' पाकिस्तान के लिये 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे।

### बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम का दिसंबर में होने वाला भारत दौरा स्थगित




**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दिसंबर में 3 वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के प्रस्तावित भारत दौरे को स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बीसीबी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से सीरीज के लिए बाद में तारीख निर्धारित किए जाने का पत्र मिला है। सूत्रों के अनुसार, दौरे को स्थगित किए जाने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है, लेकिन ऐसा समझा जाता है कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव इसका प्रमुख कारण हो सकता है।

### महिला मुक्केबाजों ने सात स्वर्ण पदक जीते, भारतीय मुक्केबाजों को 20 पदक

**ग्रेटर नोएडा।** स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन की अगुआई में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में सात स्वर्ण पदक जीते जबकि पुरुष मुक्केबाजों में हितेश गुलिया और सचिन सिवाच ने भी खिताब जीता। मेजबान देश के मुक्केबाजों ने सभी 20 वजन वर्ग में पदक जीता जिसमें नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य शामिल रहे। बृहस्पतिवार को भारत के 15 मुक्केबाज रिंग में उतरे जिसमें से महिला वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा), एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा), विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (60 किग्रा), पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नुपुर श्योराण (80 किग्रा से अधिक) ने भी स्वर्ण पदक जीते। जादुमणि सिंह (50 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा), पवन बर्तवाल (55 किग्रा), अंकुश फंगल (80 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किए।

### द. अफ्रीका से एक टेस्ट में हार के बाद भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला

# गुवाहाटी टेस्ट कल से, पंत संभालेंगे टीम इंडिया की कमान, गिल का खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय क्रिकेट टीम गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शनिवार, 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए शुभमन गिल की चोट अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि अब गिल अस्पताल से बाहर आ चुके हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर दूसरे टेस्ट मैच में खेलना अभी तय नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी जानकारी दी कि शुभमन गिल 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी रवाना हो चुके हैं। मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी और आज शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट के बाद दूसरे टेस्ट में उनके खेलने का फैसला लिया जाएगा लेकिन फिलहाल गिल की टेस्ट में उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। टीम की कमान विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को सौंपी गई है। वहीं युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को गिल की जगह मौका मिलने की उम्मीद है।



### एक टेस्ट हारने के बाद टीम इंडिया पर दबाव

साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 30 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला बन गया है। मैच से पहले टीम ने ईडन गार्डन्स में एक प्रैक्टिस भी करी गई, जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल शामिल हुए। सभी खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए तैयार हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट में पहली बार शेड्यूल में बदलाव

इस टेस्ट मैच में एक और दिलचस्प बदलाव देखने को मिलेगा. टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार लंच से पहले टी-ब्रेक रखा जाएगा। मैच रोज सुबह 9 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक खेल खत्म कर दिया जाएगा। टॉसः सुबह 8:30 बजे। पहला सत्रः 9:00 एएम से 11:00 एएम। टी-ब्रेकः 11:00 से 11:20। दूसरा सत्रः 11:20 से 1:20। लंच ब्रेकः 1:20 पीएम से 2:00 पीएम। तीसरा सत्रः 2:00 से 4:00 बजे तक।

### निशानेबाजी

## माहित ने निशानेबाजी में जीते तीन पदक



एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय राइफल निशानेबाज माहित संधू ने यहां 25वें बधिर ओलंपिक की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ रजत पदक जीता जो प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है। माहित ने फाइनल में 246.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि चेक गणराज्य की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी की मीरा सुजसाना बियातोवस्की ने 225.0 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने इससे पहले 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और 10 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत ने तोक्यो में निशानेबाजी में अब तक 12 पदक जीते हैं जिसमें से माहित के नाम तीन पदक हैं। फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की नताशा जोशी शूट आउट में पिछड़ने के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

### आस्ट्रिया को हराकर इटली डेविस कप सेमीफाइनल में

**बोलोगना।** दो बार की गत चैम्पियन इटली ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना बेल्जियम से होगा। इटली के लिये फ्लावियो कोबोली ने फिलिप मिसोलिच को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरा मुकाबला जीता। इससे पहल मात्तेओ बेरेतिनी ने जुरिज रोडियोनोव को 6-3, 7-6 से मात दी थी। इटली लगातार 12 डेविस कप मुकाबला जीत चुका है। आखिरी बार उसे 2023 में कनाडा ने ग्रुप चरण में हराया था। अन्य मुकाबलों में स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा जबकि जर्मनी की टक्कर अर्जेंटीना से होगी।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

## भारत बनाम बांग्लादेश और पाकिस्तान-श्रीलंका के बीच आज सेमीफाइनल मुकाबला




एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत एक और खिताब जीतने के करीब पहुंच चुका है। भारत की ए टीम ने जितेश शर्मा की कप्तानी में एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस बीच बुधवार शाम को ये भी तय हो गया कि सेमीफाइनल में पहुचंने वाली चार टीमें कौन सी हैं और किस टीम का अब किससे मुकाबला होगा।

भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में होने के कारण इनके बीच सेमीफाइनल मुकाबला नहीं होगा। हालांकि अगर दोनों ही टीमें सेफा में जीतती हैं तो फाइनल मुकाबला भारत-पाक के बीच हो सकता है। आज होने वाले दोनों सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश से और पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका की टीम से होगा।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स में ये टीमें पहुंची सेफा में

एशिया कप 2025 राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश हैं। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप थे, लीग फेज में इनका मैच भी हुआ था। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप ए में बांग्लादेश ने पहले नंबर पर फिनिश किया है, वहीं श्रीलंका की टीम दूसरे नंबर पर रही है।

### दोनों ही सेमीफाइनल मुकाबले आज

सेमीफाइनल में जहां एक ओर भारत का मैच बांग्लादेश से होगा, वहीं पाकिस्तान की टक्कर श्रीलंका से होगी। दोनों खास बात ये है कि दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन यानी आज 21 नवंबर को ही खेले जाएंगे। पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दोपहर तीन बजे से मैच खेला जाएगा। इसके बाद शाम को आठ बजे से पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें आमने सामने होंगी।

### फाइनल में हो सकती है भारत-पाक की टक्कर

इस बीच भले ही सेमीफाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच ना हो रहा हो, लेकिन इस बात की संभावना काफी ज्यादा है कि फाइनल में इन दोनों टीमों की भिड़ंत हो जाए। इसके लिए शर्त ये है कि भारतीय टीम अपने मैच में बांग्लादेश को मात दे और पाकिस्तान टीम अपने दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को हरा दे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के एक और फाइनल का मंच तैयार हो जाएगा।

## गोल्फर दीक्षा ने बधिर ओलंपिक में जीता स्वर्ण

**तोक्यो।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके बृहस्पतिवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। चौबीस वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। तोक्यो ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ से खेलने का अचानक न्योता पाने वाली दीक्षा ने 54 होल में 26 अंडर स्कोर किया। फ्रांस की मारग्यू ब्रेजो को रजत और कनाडा की एरिका डान रिवार्ड को कांस्य पदक मिला। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लेने वाली दीक्षा इसके एक साल बाद 18 वर्ष की उम्र में लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली अदिति अशोक के बाद दूसरी गोल्फर बनी थीं।




## आस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन : शेट्टी और लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गए।

शेट्टी और लक्ष्य अंतिम आठ के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21-18, 21- 11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। वहीं इस साल प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21-19, 21-10 से हराया।



### लक्ष्य ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराया

सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की पांचवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21-17, 21-16 से हराया। लक्ष्य ने कड़े प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 63 मिनट में 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना अब पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से होगा।

### सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 7:50 बजे से खेला जाएगा

# एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट आज से, स्मिथ-स्टोक्स की टीम आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच प्रतिष्ठित एशेज सीरीज का पहला मैच 21 नवंबर से पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। स्टीव स्मिथ के नेतृत्व में कंगारू टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

दूसरी तरफ बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 7:50 बजे से खेला जाएगा।




### इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 361 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 152 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच अब तक 185 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 99 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 57 में उसे हार मिली है। 29 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में जोश व कमिंस नहीं

कंगारू टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। जेक वेदराल्ड और ब्रेंडन डॉगेट इस मुकाबले से अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए नजर आएंगे। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के न होने से टीम की गेंदबाजी पर असर पड़ेगा। ऐसे में मिचेल स्टार्क को बेहतर करना होगा।

### पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), जेक वेदराल्ड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड और ब्रेंडन डॉगेट।




**दक्षिण अफ्रीका में पहला जी20 सम्मेलन**

# केंद्र में रहेंगे पीएम मोदी, ग्लोबल साउथ के कई एजेंडों पर करेंगे बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जा रहे हैं। वह वहां जोहांसबर्ग में होने वाले जी20 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे के कई अंतर्राष्ट्रीय मायने हैं। सम्मेलन के दौरान पीएम कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे।

इस सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे राष्ट्राध्यक्ष मौजूद नहीं रहेंगे। ऐसे में पीएम मोदी की मौजूदगी और उनका संबोधन वैश्विक मंच पर और भी ज्यादा अहमियत रखेगा। दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में 22 और 23 नवंबर को आयोजित इस सम्मेलन में पीएम मोदी पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस बार जी20 सम्मेलन का थीम 'एकजुटता, समानता और स्थिरता' है। यह थीम भी ग्लोबल साउथ के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

*पीएम मोदी सम्मेलन के तीन सत्रों को संबोधित करेंगे*

*पीएम आईबीएसए फोरम की बैठक में भी भाग लेंगे*

*इस बार थीम 'एकजुटता, समानता और स्थिरता'*

## ग्लोबल साउथ की आवाज उठाता रहा है भारत


फाइल फोटो

विदेश मंत्रालय के सचिव सुधाकर दलेला के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका में जी20 सम्मेलन में पीएम मोदी पर मुख्य रूप से पांच वजहों से फोकस रहेगा। अफ्रीकी यूनियन को जी20 की सदस्यता भारत की अध्यक्षता में 2023 में दिलाई गई थी, जिसमें पीएम मोदी की भूमिका सबसे अहम रही। पीएम मोदी वैश्विक मंच पर लगातार ग्लोबल साउथ की आवाज उठाते रहे हैं। अफ्रीका महाद्वीप के देश ग्लोबल साउथ में आते हैं। सम्मेलन में ट्रंप, पुतिन और शी जिनपिंग की गैर-मौजूदगी में एक शक्तिशाली देश के मुखिया के रूप में पीएम मोदी की उपस्थिति बाकी सदस्य देशों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी। पीएम मोदी तीनों सत्रों को संबोधित करेंगे। जिसमें समावेशी और सतत आर्थिक विकास, एक लचीली दुनिया और

**जी-20 के दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रखेंगे पीएम मोदी**

*भारत की अध्यक्षता में ही अफ्रीकी यूनियन को जी20 की स्थाई सदस्यता मिली थी। ऐसे में अफ्रीकी महाद्वीप में पहली बार जी20 का आयोजन होना और पीएम मोदी की मौजूदगी अपने आप में बहुत अहम है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाला यह जी20 सम्मेलन कई मायनों में अभूतपूर्व है। यह जी-20 का चौथा सम्मेलन है, जिसका लगातार ग्लोबल साउथ के देश में आयोजन किया जा रहा है। पीएम इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारत के जी-20 के दृष्टिकोण को समूह के साथ ही दुनिया के सामने रखेंगे।*

### कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे टैरिफ पर उठाएंगे आवाज

जी20 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी दक्षिण-अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले आईबीएसए यानी इंडिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका फोरम की बैठक में भी भाग लेंगे। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और व्यापार से जुड़े ट्रंप टैरिफ जैसे मुद्दों के बीच इस बैठक में पीएम मोदी के विचारों पर न केवल इन तीनों देशों, बल्कि दुनिया के बाकी देशों की भी गहरी नजर रहेगी। पीएम मोदी कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। इनमें जापान की नवनिर्वाचित पीएम साना तकाईची और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानिज से द्विपक्षीय बैठक भी संभावित है। पीएम मोदी की यह उपस्थिति ग्लोबल साउथ और अफ्रीका की आवाज को वैश्विक मंच पर मजबूती दिलाने में अत्यंत अहम साबित होगी।

### जी20 एक अहम मंच

जी20 एक अनौपचारिक वैश्विक मंच है, जिसका मुख्य उद्देश्य दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच नीतिगत समन्वय करना है। इसमें कुल 21 सदस्य हैं। यह मंच वैश्विक जीDP का 85%, विश्व व्यापार का 75% और दुनिया की लगभग 60% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी यूनियन को जी20 की सदस्यता दिलाना पीएम मोदी की एक बड़ी

## जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर एसआईए का छापा

# एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स व 3 ग्रेनेड लीवर जब्त, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की छापेमारी ने पूरे मीडिया जगत और सुरक्षा एजेंसियों को चौंका दिया है। सूत्रों के अनुसार एसआईए को दफ्तर से एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स और तीन ग्रेनेड लीवर मिले हैं। ऐसे हथियार एक मीडिया ऑफिस में कैसे पहुंचे इसी सवाल ने माहौल गरमा दिया है। एसआईए की यह कार्रवाई उस मुकदमे से जुड़ी है, जिसमें अखबार और उसके प्रमोटर्स पर देश की संप्रभुता के खिलाफ सामग्री प्रकाशित करने का आरोप लगाया गया था। इसी केस में गुरुवार को दफ्तर की गहन तलाशी ली गई।

पूरे परिसर की जांच की गई, जिसके बाद हथियारों का यह जखीरा मिलने की जानकारी सामने आई। सूत्रों ने बताया कि रेड के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को दफ्तर के अंदर मौजूद अलमारियों और स्टोरेज की तलाशी में ये हथियार मिले। जांच अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि ये राउंड्स, कारतूस और ग्रेनेड लीवर वहां कब और कैसे छुपाए गए थे। इसकी विस्तृत तकनीकी जांच शुरू कर चुकी है। हथियारों की बरामदगी को लेकर फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई तय करेगी। छापे में कंप्यूटर भी खगाले गए। कई दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए गए। अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

*ये हथियार कब और कैसे छिपाए गए इस जांच में जुटे अधिकारी*

*दस्तावेज और कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर*

*फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद लेंगे एक्शन*

### अखबार की प्रतिक्रिया- 'हमें चुप कराने की कोशिश'



कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर के बाहर सुरक्षाकर्मी

कश्मीर टाइम्स ने बयान जारी करते हुए कहा, यह कार्रवाई 'सत्य बोलने' वाले मीडिया को डराने की कोशिश है। हम इसलिए निशाने पर हैं क्योंकि हम सत्ता से सवाल पूछते हैं। हमारे खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। हमारा काम है सच बोलना, और हम चुप नहीं होंगे। ऐसे कदम हमें 'डराने व बदनाम' करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

### पहले से दर्ज थी एफआईआर

कश्मीर टाइम्स के खिलाफ एसआईए ने उस समय एफआईआर दर्ज की थी, जब अखबार पर ऐसे लेख प्रकाशित करने का आरोप लगा जो सार्वजनिक कानून-व्यवस्था और देश की अखंडता के लिए नुकसानदेह बताए गए थे। अक्टूबर 2020 में भी कार्यालय को प्रशासन ने सील किया था।

### गलत किया है तो कार्रवाई हो: डिप्टी सीएम

राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर सिंह चौधरी ने कहा कि किसी भी एजेंसी को कार्रवाई तभी करनी चाहिए जब कोई वास्तविक गलत काम सामने आए। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने गलत किया है तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अगर सिर्फ दबाव बनाने के उद्देश्य से हो रही है तो यह गलत होगा।

**लाल किले के पास धमाका**

### 4 और आरोपी गिरफ्तार, जम्मू कश्मीर से हिरासत में लिया गया


पटियाला कोर्ट में आरोपियों को पेश करती पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने चारों आरोपियों को जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया है। यह चारों वही लोग हैं जिन्होंने ब्लास्ट में इस्तेमाल हुई आई20 कार का इंतजाम, मूवमेंट और सुरक्षित ट्रांसफर कराया था। ये चारों डॉक्टर हैं। इनमें से एक मुफ्ती का भी काम करता था। एनआईए ने आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में की है। इन्हें श्रीनगर में गिरफ्तार किया।

## नेपाल में पुलिस और जेन-जेड के बीच झड़प



**काठमांडू।** नेपाल के एक जिले में गुरुवार को उस समय नए सिरे से तनाव पैदा हो गया, जब 'जेन जेड' के युवाओं की अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली की पार्टी के सदस्यों के साथ झड़प में 10 लोग घायल हो गए। इसके बाद अधिकारियों को भारत की सीमा से लगे नेपाल के बारा जिले में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा। बारा जिले के सिमारा चौक पर उस समय तनाव बढ़ गया जब युवक ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल( यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ( सीपीएन-यूएमएल) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के एक दिन बाद सड़कों पर लौट आए और पुलिस से भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा कर्फ्यू का उल्लंघन किए जाने और आगे बढ़ने पर अधिकारियों ने आंसू गैस के छह गोले दागे और हवा में दो चक्र गोलियां चलाईं। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पथराव भी किया, जिसमें छह पुलिसकर्मी और जेन-जेड के चार प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए।

# यूएस देगा 100 जेवलिन मिसाइल और एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए भारतीय सेना की ताकत बढ़ने वाली है। अमेरिका ने भारत को जेवलिन मिसाइल देने को मंजूरी दे दी है। इस मिसाइल को कंधे से टारगेट पर दागा जा सकता है। दरअसल, अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने भारत को एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल और उससे जुड़े इक्विपमेंट की संभावित फॉरेन मिलिट्री सेल को मंजूरी देने का फैसला किया है। अमेरिकी अधिकारियों की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, जेवलिन मिसाइल की अनुमानित कीमत 47.1 मिलियन डॉलर है। वहीं, भारत और अमेरिका के बीच लगभग 92.8 मिलियन डॉलर की डील हुई है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने जानकारी दी। इससे अमेरिका-भारत के स्ट्रेटेजिक रिश्ते को मजबूत करने और एक बड़े डिफेंस पार्टनर की सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

*कंधे पर रखकर दागी जा सकेगी मिसाइल*

*रूस के खिलाफ युद्ध में यह अच्छी साबित हुई*


जेवलिन मिसाइल


एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल

### मिसाइल खुद ढूंढ लेती है अपना शिकार

वहीं, दूसरी डील के तहत भारत ने 100 एफजीएम-148 जेवलिन राउंड, 1 जेवलिन फ्लाई-टू-बाय मिसाइल और 25 हल्के कमांड लॉन्च यूनिट (एलडब्ल्यूसीएलयू) या ब्लॉक-1 सीएलयू की मांग की है। जेवलिन एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका निर्माण अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन और रेटियॉन ने मिलकर किया है। इसमें जवान को टारगेट पर निशाना बनाए रखने की जरूरत नहीं होगी। मिसाइल में एक बार टारगेट लॉक करने के बाद यह खुद हिट करने वाले निशाने को ढूंढ लेता है। यूक्रेन के लिए रूस के खिलाफ युद्ध में यह मिसाइल कारगर साबित हुई है। इसकी वजह से इसे 'टैंक किलर' भी कहते हैं। इस मिसाइल को लॉन्च करने के लिए किसी भी खास वाहन या लॉन्चर की जरूरत नहीं होती है। इसे सेना के जवान अपने कंधे पर रखकर दाग सकते हैं। मिसाइल को टारगेट पर लॉक करके इसे दागने के बाद पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं होती।

### एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल में कई तकनीकी उपकरण शामिल

भारत सरकार ने 216 एम982ए1 एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल की मांग की है। इसमें एंसिलरी आइटम, इम्प्रूव्ड प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन किट (आईपीआईके) के साथ पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक फायर कंट्रोल सिस्टम (पीईएफसीएस), प्राइमर, प्रोपेलेंट चार्ज, अमेरिकी सरकार की टेक्निकल मदद, टेक्निकल डेटा, रिपेयर और रिटर्न सर्विस, और लॉजिस्टिक्स और प्रोग्राम सपोर्ट के दूसरे संबंधित एलिमेंट शामिल होंगे।

### पाकिस्तान को जहाज और पनडुब्बियां दे रहा चीन

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने कहा कि भारतीय नौसेना इस बात से अवगत है कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां और जहाज दे रहा है और नौसेना हर गतिविधि की बहुत ध्यान से निगरानी कर रही है, ताकि समुद्री सुरक्षा और देश के हितों की रक्षा की जा सके। भारतीय नौसेना के 'स्वावलंबन 2025' कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में उन्होंने यह बात कही। यह कार्यक्रम 25-26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में होगा। इस बार का आयोजन नई तकनीकों, स्वदेशी समाधान और भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति को प्रदर्शित करेगा। भारतीय नौसेना का 'स्वावलंबन 2025' एक ऐसा मंच है जो नवोन्मेषकों, स्टार्टअप्स, उद्योगों और सशस्त्र बलों को एक साथ लाएगा। उनके अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी स्वावलंबन 2025 में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना को भी अगले दो साल में कई नए विमान मिलने वाले हैं। कुछ विमान बन रहे हैं अगले दो साल में हमें मिल जाएंगे। हमने जरूरी स्वीकृति पहले ही ले ली है और पिछले पांच साल में कई क्षमताएं हासिल की हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com